दिनांक ____________

**प्रति,**
**अध्यक्ष (प्रचार प्रसार समिति),**
**भारतीय जीवन बीमा निगम**
**<u>मण्डल कार्यालय- सतना</u>**

महोदय,

**विषय- <u>मोबाइल वैन के माध्यम से प्रचार हेतु कोटेशन</u> । (केवल सतना मंडल के अंतर्गत सूचीबद्ध वेंडर हेतु)**

उपरोक्त विषयांतर्गत आपके द्वारा दी गयी शर्तों के अधीन मोबाईल वैन हेतु कोटेशन की दर निम्नानुसार है -

| एजेंसी का नाम | विवरण (वाहन का प्रकार व अन्य) | दर प्रतिदिन (समस्त खर्चों एवं टैक्स सहित ) रुपये |
|---|---|---|
| | | |

पात्रता की शर्ते निम्नानुसार है-

1- मोबाईल वैन पर एल.आई.सी. द्वारा प्रदत्त योजनाओं के *<u>फ्लैक्स बनवाकर लगाना</u>* होगा जिसका कोई *अतिरिक्तचार्ज देय नहीं होगा* ।

2- मोबाईल वैन का <u>डीजल/पेट्रोल खर्च, एवं चालक का प्रतिदिन का खर्च</u> कोटेशन की दरों मे सम्मिलित होगा ।

3- मोबाईल वैन लाउडस्पीकर सुविधायुक्त एवं अच्छी कंडीशन में हो जिससे प्रचार प्रसार किया जा सके ।

4- मोबाईल वैन हेतु प्रयोग मे लाये जाने वाले वाहन <u>जैसे टाटा मैजिक या उसके समकक्ष मॉडल</u> का उल्लेख करें एवं प्रतिमाह के समस्त खर्चो का कोटेशन मे उल्लेख करें ।

5- मोबाईल वैन हेतु प्रयोग मे लाये जाने वाले वाहन की स्थिति अच्छी होनी चाहिये । किसी भी प्रकार की खराबी ,टूट फूट एवं अन्य किसी प्रकार का खर्च निगम द्वारा देय नही होगा ।

6- मोबाईल वैन चलाने सम्बन्धित स्थानीय प्रशासन से अनुमति एवं रोड ट्रैफिक सम्बन्धी किसी भी प्रकार के नियम के उल्लंघन के व्यय का भुगतान निगम द्वारा देय नही होगा ।

7- मोबाईल वैन सुबह 10.00 बजे से शायं 6.00 बजे तक या 80 किलोमीटर चलाना होगा ।

8- मोबाईल वैन का माइलोमीटर चालू स्थिति मे होना चाहिये ताकि प्रतिदिन रीडिंग सुनिश्चित की जा सके ।

9- कोटेशन मे किसी भी प्रकार की कटिंग या ओवर राइटिंग होने पर कोटेशन अमान्य कर दिया जायेगा ।

10- कोटेशन की दर सतना मण्डल के जिलों जैसे रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, निवाडी एवं टीकमगढ़ के अंतर्गत आने वाली सभी शाखाओं के लिये मान्य होगी ।

11- कोटेशन सील बंद होने चाहिए एवं लिफाफे पर **<u>मोबाइल वेन से प्रचार हेतु कोटेशन</u>** लिखा होना चाहिए । कोटेशन 15.01.2024, सायं 5.00 बजे तक अध्यक्ष, क्रय समिति, भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, गहरा नाला, नईबस्ती –सतना 485001 को प्राप्त हो जाने चाहिए । समयावधि प्राप्त पश्चात् कोटेशन को मान्य नहीं किया जावेगा । निविदा खोलने की तिथि 16.01.2024, समय 11.30 बजे निर्धारित है

**12- कोटेशन के साथ रु0 10000/– की अमानत राशि (वापसी योग्य) का डी.डी. जो कि भारतीय जीवन बीमा निगम, सतना के पक्ष में देय होगा, संलग्न किया जाना अनिवार्य है ।** NOTE : In case of Micro and small Enterprises who have Registered with the Director of Industries (DI)/ District INDUSTRIES Centre (DIC) as manufacturing/service enterprises by filling Entrepreneurs memorandum (Part-II) will be exempted from payment of earnest money. **(Please attach the copy of certificate)**

13. मोबाइल वैन की माईलोमीटर रीडिंग लॉग बुक में प्रतिदिन सुबह/शाम दर्ज कराना होगा एवं सम्बन्धित क्षेत्र के शाखा प्रबन्धक/अधिकारी से सत्यापित कराना होगा एवं इसका रिकार्ड भी सुरक्षित रखना होगा ।

14. निगम को किसी भी कोटशन को पूर्णतः एवं आंशिक रूप से स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है, न्यूनतम दरों वाले कोटेशन को अनिवार्य रूप से स्वीकार किया जाना आवश्यक नहीं है ।

**15. कोटेशन के साथ वाहन के रजिस्ट्रेशन की कॉपी, इन्शुरन्स की प्रति, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस की कॉपी एवं प्रदुषण नियन्त्रण बोर्ड की कॉपी अनिवार्य रूप से संलग्न करें ।**

16- वाहन 15 दिन या एक माह के लिए किराये पर लिया जाएगा जिसे आवश्यकतानुसार आगे बढ़ाया जा सकता है । कोटेशन की दर एक वर्ष के लिए प्रभावी रहेगी, अगर सक्षम अधिकारी चाहें तो आपसी सहमति के आधार पर इसे एक वर्ष के लिए ओर बढ़ा सकते हैं ।

17. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वरि.मण्डल प्रबन्धक का निर्णय सर्वमान्य होगा ।

आपके द्वारा दी गयी शर्ते हमे स्वीकार है ।

अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर एवं सील

**मण्डल कार्यालय,कृष्णा काम्प्लेक्स,कृष्ण नगर सतना (म.प्र.)-485001**

**दूरभाष -07672-224271**

---

**सन्दर्भ- विक्रय/दीवार लेखन/2023** **दिनांक -29.12.2023**

**अध्यक्ष**

**प्रचार प्रसार समिति,**

**भारतीय जीवन बीमा निगम**

**मंडल कार्यालय, सतना.**

**महोदय,**

**विषय- दीवार लेखन (Wall Painting) के माध्यम से प्रचार प्रसार हेतु कोटेशन के सम्बन्ध मे ।**

**उपरोक्त विषयान्तर्गत आपके द्वारा दी गई निम्न शर्तो के अधीन दीवार लेखन के कार्य हेतु कोटेशन के दरे निम्नानुसार है :-**

| फर्म का नाम | दर ( प्रति वर्गफुट) समस्त खर्चो एवं कर सहित |
|---|---|
| | |

1-दीवार लेखन का कार्य प्रत्येक शाखा के अंतर्गत 50 उपयुक्त स्थानों पर साइज़ लगभग 20 ft x 10 ft = 200 sq ft x 50 Nos, wall painting in each branch area = 10000 sq.ft. each branch x 12 BO = 120000 sq.ft. (अनुमानित) |

2- दीवार लेखन का कार्य अच्छी क्वालिटी के आयल पेंट, Water proof synthetic enamel, ISI Mark Branded paint (जैसे एशियन पेंट, वर्गर पेंट आदि) से करना अनिवार्य है ।

3- Design for the Wall Painting will be provided by LIC in color.

4- दीवार लेखन का कार्य सतना मंडल के अंतर्गत आने वाली शाखाओं रीवा,सतना,मैहर, अमरपाटन ,पन्ना ,खजुराहो, छतरपुर, टीकमगढ एवं निवाडी के कार्यक्षेत्र मे करना होगा । Location और Area की सूची कार्यादेश के साथ प्रदान की जायेगी |

5- अधिकतम दीवार लेखन का कार्य ग्राम पंचायत भवन,विकास खंड कार्यालय ,विद्यालय ,धार्मिक स्थल,बस डिपो,रेल्वे स्टेशन, हाईवे, मेन रोड या बाजार हाट आदि मे उपलब्ध दीवारों मे करना आवश्यक होगा ।

6- दीवार लेखन कार्य हेतु किसी भी स्थिति मे दीवार का किराया संस्था (LIC) द्वारा देय नही होगा । दीवार लेखन का कार्य प्रदत्त कार्यादेश से एक माह के अन्दर पूर्ण करना होगा ।

7- दीवार लेखन कार्य करवाये जाने का अनुबन्ध एक वर्ष के लिये होगा । अनुबन्ध समय के मध्य उक्त कार्य से सम्बन्धित मरम्मत एवं पुनर्लेखन आदि की पूरी जिम्मेदारी आपकी होगी ।

8- गुणवत्तापूर्वक (सुनिश्चित डिजाइन और निर्धारित पेंट मे) कार्य नही किये जाने पर या स्वीकृत रेट पर कार्य नही किये जाने पर या किन्ही भी कारणों से कार्य करने से मना करने पर फर्म का नाम ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा |

9-दीवार लेखन आदेश से सम्बन्धित यथा पेनाल्टी लगाने / आदेश निरस्त करने का समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होंगे,जो आप पर लागू होंगे ।

10- कार्यादेश के विरुद्ध कोई भी अग्रिम राशि का भुगतान नही किया जायेगा । दीवार लेखन कार्य का भुगतान कार्य समाप्ति के पश्चात बिल के साथ दीवार लेखन की फोटोग्राफ एवं सम्बन्धित शाखा का प्रमाणपत्र प्राप्त होने के पश्चात ही देय होगा ।

12- *प्रत्येक दीवार लेखन के किनारे पर दीवार लेखन क्रम संख्या, साइज़ एवं दिनाक लिखना अनिवार्य है ।*

13- गुणवत्ता की संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त होने पर ही नियमानुसार आयकर की कटौती /TDS on GST के पश्चात भुगतान किया जायेगा

14- दीवार लेखन के सम्बन्ध मे यदि कोई विवाद पैदा होता है तो यह माना जायेगा कि विवाद सतना मे पैदा हुआ है और सतना के ही किसी सक्षम न्यायालय मे निपटारा किया जायेगा ।

15- प्रत्येक दीवार लेखन की साइज़ अधिकतम 200 वर्गफीट होगी | इससे अधिक होने पर भुगतान अधिकतम 200 वर्गफीट का ही देय होगा |

16- दीवारों का चयन मुख्यत: प्रमुख मार्ग पर करे ताकि विज्ञापनों का अधिक से अधिक लाभ लिया जा सके |

17- कोटेशन के साथ रु0 10000/– की अमानत राशि (वापसी योग्य) का डी.डी. जो कि भारतीय जीवन बीमा निगम, सतना के पक्ष में देय होगा, संलग्न किया जाना अनिवार्य है । NOTE : In case of Micro and small Enterprises who have Registered with the Director of Industries (DI)/ District INDUSTRIES Centre (DIC) as manufacturing/service enterprises by filling Entrepreneurs memorandum (Part-II) will be exempted from payment of earnest money. **(Please attach the copy of certificate)**

18- कोटेशन सील बंद होने चाहिए एवं लिफाफे पर **मोबाइल वेन से प्रचार हेतु कोटेशन** लिखा होना चाहिए । कोटेशन 15.01.2024, सायं 5.00 बजे तक अध्यक्ष, क्रय समिति, भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, गहरा नाला, नईबस्ती –सतना 485001 को प्राप्त हो जाने चाहिए । समयावधि प्राप्त पश्चात् कोटेशन को मान्य नहीं किया जावेगा । निविदा खोलने की तिथि 16.01.2024, समय 11.30 बजे निर्धारित है

19- किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वरि.मंडल प्रबंधक का निर्णय सर्वमान्य होगा |

आपके द्वारा दी गयी शर्ते हमे स्वीकार है ।

अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर एवं सील